भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 19.11.2022

आरेडिका की खेल अधिकारी बनी 37वीं इन्दिरा मैराथन की विजेता

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, की खेल अधिकारी पद्मश्री सुश्री सुधा सिंह ने दिनांक 19.11.2022 प्रयागराज में आयोजित 37वीं इन्दिरा मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस मैराथन का आयोजन पूर्व प्रधान मंत्री इन्दिरा गाँधी जी जयंती पर प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को किया जाता है, इसमें पूरे देश के धावक अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। इस 42.195 किमी लम्बी दौड़ में महिला वर्ग में सुश्री सुधा सिंह प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सुश्री सुधा सिंह को बधाई दी और कहा कि सुश्री सुधा सिंह ने आरेडिका का ही नहीं अपितु भारतीय रेलवे एवं पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार,नें बताया कि, इस से पूर्व भी सुश्री सुधा सिंह कई मैराथनों में विजेता रह चुकी हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं, इन की प्रतिभा का सम्मान करते हुए वर्ष 2021 में इन्हें पद्मश्री की उपाधि प्रदान की गयी।

सुश्री सुधा सिंह की विजय की खबर से पूरे आरेडिका में खुशी की लहर है। सभी अधिकारी और कर्मचारी उनकी विजय के लिए बधाई दे रहे हैं एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

19/11/2022

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी